# संचालनालय आयुष, म0प्र0

(भू-तल "डी" विंग, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004)

www.ayush.mp.gov.in
E-mail:jdayush@mp.gov.in

Office (0755)2552931
Fax (0755) 2760225

दिनांक : 12/12/2025

-विज्ञप्ति-

## -स्नातक स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड काउंसिलिंग कार्यक्रम III (स्टेट कोटा)-

## -बी ए एम एस/बी एच एम एस/बी यू एम एस/बी एन वाय एस-

म0प्र0 आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम-2024 एवं संशोधन नियम-2025 म0प्र0 प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम -2024 एवं संशोधन-2025 में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग/म0प्र0 शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति प्राप्त शासकीय स्वशासी एवं निजी आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी/प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही एम0पी0 ऑनलाइन के माध्यम से संपन्न कराई जायेगी।

2/ प्रवेश काउंसिलिंग के अंतर्गत स्ट्रे वैकेन्सी III राउण्ड का कार्यक्रम निम्नानुसार है:-

| कमांक | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | NEET UG -2025 के पात्र एवं BNYS पाठ्यकम हेतु पात्र उम्मीदवारो के द्वारा ऑनलाईन पंजीयन तिथि | दिनांक 13/12/2025 रात्रि 11:59 बजे तक |
| 2 | पंजीयन फार्म में ऐडिट करने की सुविधा (Only For the newly registered candidates of the Stray vacancy round-1.) | दिनांक 13/12/2025 रात्रि 11:59 बजे तक |
| 3 | हेल्प सेन्टर्स पर अभिलेख सत्यापन (Please note that once the candidate's details have been verified, they will not be able to make any further changes to their registration information.) | दिनांक 14/12/2025 सायं 05 बजे तक |
| 4 | रिक्त सीटो की स्थिति | दिनांक 15/12/2025 |
| 5 | मैरिट सूची का प्रकाशन | दिनांक 15/12/2025 |
| 6 | पात्रताधारी अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 15/12/2025 |
| 7 | अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालयों की प्राथमिकता कम का निर्धारण (च्वाईस फीलिंग ) | दिनांक 16/12/2025 सायं 11:59 बजे तक |
| 8 | च्वाईस फीलिंग, लॉकिंग तथा ऐडिट करने की सुविधा | दिनांक 16/12/2025 सायं 11:59 बजे तक |
| 9 | महाविद्यालयवार मेरिट सूची का प्रकाशन | दिनांक 17/12/2025 |
| 10 | महाविद्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा उपस्थिति (रिपोर्टिंग) दर्ज कराने की तिथि एवं समय | दिनांक 18/12/2025 सायं 05:00 बजे तक |
| 11 | महाविद्यालय में रिपोर्टेड अभ्यर्थियों की मेरिट सूची का प्रकाशन | 18/12/25 को सायं 6:00 बजे तक |
| 12 | महाविद्यालय में अस्थायी प्रवेश | दिनांक 19/12/2025 प्रातः 09 बजे से सायं 07:00 बजे तक |
| 13 | प्रवेश निरस्तीकरण | 19/12/2025 सायं 08:00 बजे तक |

नोटः-

1- प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी उक्त प्रकाशित ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यकम अनुसार प्रवेश का अवसर प्राप्त कर सकते है।

2- म.प्र. शासन आयुष विभाग के आदेश कमांक/एफ-AYU/1/0017/2025-O/o Minister-59(AYU) दिनांक 12/12/2025 द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार शिक्षण सत्र 2025-26 की स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड की काउंसिलिंग में रिक्त रह गई सीटों की पूर्ति हेतु छात्रहित में इस विषय पर जारी प्रवेश नियमों के बिन्दु क्रमांक 16.4 (2) में शिथिलता प्रदान करते हुए इस शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरणों की काउंसिलिंग में जिन अभ्यर्थियों द्वारा कॉलेज आवंटन के पश्चात भी अन्य कारणों से प्रवेश नही लिया जा सका है वो आगामी स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड (काउंसिलिंग) में भाग ले सकेंगे" इस प्रकार पूर्व चरणों में प्रवेशित अभ्यर्थियों को छोड़कर शेष सभी पंजीकृत/सत्यापित अभ्यर्थी इस चरण की स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड में भाग लेने हेतु पात्र होंगे।

74/E:\New pvt college data 2025\councling 2025-26\aj letter 2025.docx

3— पंजीयन उपरान्त अभ्यर्थियों को प्रदेश के शासकीय स्वशासी आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी महाविद्यालय में अपने अभिलेखों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

4— उपरोक्त काउंसिलिंग प्रकिया अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली/म0प्र0 शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति प्राप्त शासकीय स्वशासी एवं निजी आयुष महाविद्यालयों को सम्मिलित किया जायेगा।

5— मैरिट सूची के आधार पर महाविद्यालय में निर्धारित समय में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रकिया में शामिल कर मैरिट कमानुसार रिक्त सीटों पर पर्यवेक्षक की उपस्थिति में महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन प्रवेश दिया जायेगा।

6— महाविद्यालय में रिपोर्टिंग हेतु निर्धारित समयावधि में उपस्थिति दर्ज न कराने की स्थिति में प्रवेश हेतु कोई दावा मान्य नही होगा।

7— महाविद्यालय में निर्धारित समयावधि में रिपोर्टेड अभ्यर्थियों की महाविद्यालय में पर्यवेक्षक की उपस्थिति में पुनः मैरिट जारी की जायेगी जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रदान किया जायेगा।

8— नियम/निर्देशों एवं किसी भी प्रकार के अपडेट/संशोधन हेतु विभागीय वेबसाईट **https://ayush.mp.gov.in** एवं एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल **https://ayush.mponline.gov.in** का सतत् अवलोकन करते रहें।

आयुक्त द्वारा निर्देशित

प्र0उप संचालक
संचालनालय आयुष म0प्र0